# अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–1** के अधीन PMGSY-III योजनान्तर्गत Tender ID-127577 (पैकेज सं0–BR18P3R03) के निविदा में सात सदस्यीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा के क्रम में पाया गया कि **निविदाकार M/S Lakshita Construction, (निबंधन सं0–1220210)** द्वारा गलत कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड किया गया है, जो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) के तहत दण्डनीय है।

उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–1001 दिनांक–23.02.2024 द्वारा **संवेदक M/S Lakshita Construction, (निबंधन सं0–1220210)** से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, जिसके आलोक में संवेदक द्वारा Ref No. शून्य दिनांक–21.03.2024 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि निविदा में संलग्न सभी कागजात साईबर कैफे के कर्मी द्वारा अपलोड किया गया है तथा गलत अनुभव प्रमाण–पत्र भी साईबर कैफे के कर्मी द्वारा अपलोड किया गया है इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

निविदाकार का यह तर्क बिल्कुल स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 में यह प्रावधानित है कि व्यक्तिगत रूप से ठीकेदार या निबंधित फर्म के किसी साझीदार या निजी लोक समिति कम्पनी के किसी निदेशक या उनके तकनीकी कर्मचारी या किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि के कदाचार के कारण ग्रामीण कार्य विभाग के किसी श्रेणी में निबंधित ठीकेदार का नाम काली सूची में डाला जा सकेगा।

अतएव सम्यक विचारोपरांत निविदाकार/संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) के आलोक में संवेदक **M/S Lakshita Construction, (निबंधन सं0–1220210), At-** Vill- Parariya, Po+Ps-Mali, Dist-Aurangabad (Bihar), H.O- Kshatriya Nagar, Behind Deo Hospital, Bypass Road, Aurangabad (Bihar) Pincode: 824101 को अगले 04(चार) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–31/2024–1582 /पटना, दिनांकः– 30.03.2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0) कालीसूची—10—31/2024 - 1582 /पटना, दिनांकः—30.03.24

प्रतिलिपिः—सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0) कालीसूची—10—31/2024 - 1582 /पटना, दिनांकः—30.03.24

प्रतिलिपिः— प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0) कालीसूची—10—31/2024 - 1582 /पटना, दिनांकः— 30.03.24

प्रतिलिपिः— **संवेदक M/S Lakshita Construction, (निबंधन सं0—1220210), At-**Vill- Parariya, Po+Ps-Mali, Dist-Aurangabad (Bihar), H.O- Kshatriya Nagar, Behind Deo Hospital, Bypass Road, Aurangabad (Bihar) Pincode: 824101 को सूचनार्थ प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव